## रिसीविंग की सील डीन के पास, दस्तावेज लेने से इनकार

# छात्रा की मौत के बाद उबाल पर जूनियर डॉक्टर, डीन को घेरा, परीक्षा स्थगित

बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में फाइनल ईयर की छात्रा रेखा बैगा ने की मौत के बाद हालात विस्फोटक हो गए। शोक में डूबे जूनियर डॉक्टरों ने प्रशासन की संवेदनहीनता और मानसिक दबाव के आरोप लगाए। आवेदन न लेने, रिसीविंग से इनकार और अमानवीय टिप्पणियों ने आग में घी डाल दिया, नतीजतन परीक्षा स्थगित करनी पड़ी।





शहडोल

21 दिसंबर को फाइनल ईयर की छात्रा रेखा बैगा द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज की दीवारों के भीतर दबे तनाव को उजागर कर दिया है। घटना के बाद कॉलेज परिसर में शोक, आक्रोश और असहज चुप्पी का माहौल बना रहा। रेखा के साथ पढ़ने वाले जूनियर डॉक्टर और अन्य छात्र-छात्राएं गहरे सदमे में हैं। उनका कहना है कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी एक छात्र ने 25 से अधिक नींद की गोलियां खा ली थीं, जिसे समय पर इलाज मिलने से बचा लिया गया। छात्रों का आरोप है कि पढ़ाई, अटेंडेंस और परीक्षाओं को लेकर बनाया गया निरंतर दबाव अब जानलेवा साबित हो रहा है। घटना के तुरंत बाद छात्रों ने मानवीय आधार पर चल रही व्यावहारिक परीक्षाओं को कुछ दिनों के लिए स्थगित करने की मांग की। उनका तर्क था कि 4 से 6 दिनों का समय देकर परीक्षा लेने से सभी छात्र सामान्य मानसिक स्थिति में लौट सकेंगे, लेकिन आरोप है कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने उनकी एक नहीं सुनी। इसी के विरोध में कई जूनियर डॉक्टर एकजुट होकर डीन के नाम आवेदन लेकर पहुंचे। यहीं से मामला और बिगड़ गया।

### रिसीविंग देने से इनकार

कॉलेज की आवक-जावक शाखा में आवेदन देने पहुंचे छात्रों को कथित तौर पर रिसीविंग देने से इनकार कर दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कार्यालय की महिला कर्मचारी यह कहते हुए दिखती है कि वह कोई भी पत्र नहीं ले सकती, क्योंकि रिसीविंग की सील डीन अपने पास रखते हैं। इस कथन ने छात्रों को झकझोर दिया। उनका आरोप है कि यह कोई नई बात नहीं है, इससे पहले भी कई मामलों में शिकायतकर्ता या कर्मचारी आवेदन लेकर पहुंचे, लेकिन उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। छात्रों का कहना है कि जब दस्तावेज ही नहीं लिए जाएंगे, तो न्याय की प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ेगी?

### मानवीय संवेदनाओं को किया आहत

सोमवार को इसी मुद्दे पर छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर एकत्र हुए और मौके पर पहुंचे डीन को घेर लिया। काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। इस बीच मनो चिकित्सक डॉ. राहुल मिश्रा भी पहुंचे। छात्रों का आरोप है कि उन्होंने घटना को सामान्य मौत बताते हुए ऐसी टिप्पणियां कीं, जो न केवल उनके पद की गरिमा के खिलाफ थीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी आहत करने वाली थीं। छात्रों के अनुसार, कहा गया कि ऐसी मौतें होती रहती हैं, मूवी देखकर रिफ्रेश हो जाओ, कोई भी कभी भी मर सकता है। इन शब्दों ने पहले से आहत छात्रों के जख्मों पर नमक छिडक़ दिया।

### प्रबंधन को स्थगित करनी पड़ी परीक्षा

आक्रोशित छात्रों ने स्पष्ट कर दिया कि वे सोमवार को होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। हालात को देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। छात्रों का कहना है कि कोई भी परीक्षा उस जीवन से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती, जो अभी-अभी खोया गया है। उनका यह भी आरोप है कि छात्रा की मौत के बाद न तो डीन और न ही कॉलेज प्रबंधन का कोई प्रतिनिधि शोक प्रकट करने उसके घर गया। इस संवेदनहीनता ने छात्रों को और तोड़ दिया। रेखा बैगा ने ने परीक्षाओं के बीच आत्महत्या क्यों की, यह जांच का विषय है। जानकारी के अनुसार, दो पेपर पहले ही हो चुके थे और सेशनल परीक्षा किसी बड़े निर्णायक महत्व की नहीं थी, बल्कि सामान्य क्लास टेस्ट जैसी थी। इसके बावजूद प्रबंधन का कठोर रवैया समझ से परे है। छात्र पूछते हैं कि क्या मामूली औपचारिकताओं के लिए मानवीय संवेदनाएं कुचल दी जाएंगी?

### कॉलेज के भीतर सब कुछ ठीक नहीं

अब सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या छात्रा की मौत के पीछे केवल व्यक्तिगत कारण थे, या फिर प्रबंधन द्वारा बनाया गया मानसिक दबाव भी जिम्मेदार है। यह तथ्य पुलिस जांच में सामने आएंगे, लेकिन वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि कॉलेज के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। आवेदन न लेना, रिसीविंग से इनकार, शोक के समय संवादहीनता और असंवेदनशील बयान—ये सभी व्यवस्थागत खामियों की ओर इशारा करते हैं। जूनियर डॉक्टरों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाए और छात्रों पर पड़ रहे अनावश्यक मानसिक दबाव को तत्काल कम किया जाए। वे कहते हैं कि चिकित्सा शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि संवेदना भी सिखाती है। यदि वही संवेदना प्रशासन में मर जाएगी, तो डॉक्टर बनने की यह यात्रा समाज को क्या संदेश देगी।

## बेमियादी हड़ताल का ऐलान

# पीडब्ल्यूडी में पत्थर युग के नियमों से काम लेने पर भड़के अभियंता

शहडोल।

**मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के आह्वान पर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने सरकारी कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 22 दिसंबर से सामूहिक हड़ताल शुरू कर दी है। इंजीनियरों का सीधा आरोप है कि सरकार और विभाग 70 साल पुराने आउटडेटेड मैन्युअल के दम पर आधुनिक युग का काम लेना चाहते हैं, जो अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**



### 70 साल पुराना मैन्युअल

इंजीनियरों ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विभाग आज भी उस कार्य मैन्युअल पर चल रहा है जब काम श्रमिक, मेट और टाइम कीपरों के जरिए होता था। आज ठेका पद्धति लागू हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदारी के नियम अंग्रेजों के जमाने के ही थोपे जा रहे हैं। एसोसिएशन ने दोटूक कहा है कि जब तक कार्य पद्धति में नवीन बदलाव नहीं किए जाते और जिम्मेदारी का नया निर्धारण नहीं होता, काम ठप रहेगा।

### पेपरबाजी से बटोरी जा रही प्रशंसा

हड़ताली इंजीनियरों ने विभाग की पोल खोलते हुए कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण के नाम पर केवल पेपरबाजी कर उच्च अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। मैदानी स्तर पर न तो पर्याप्त स्टॉफ है और न ही लैब मशीनें। संगठन का आरोप है कि संसाधन मुहैया कराने के बजाय जानबूझकर मैदानी अमले पर कार्रवाई कर उन्हें बलि का बकरा बनाया जाता है।

### अन्य विभागों में सुविधा, पीडब्ल्यूडी में उपेक्षा

संगठन ने सरकार को घेरते हुए सवाल उठाया कि जब एमपीआरडीसी और पीआईयू जैसे विभागों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लैब और कंसल्टेंसी की व्यवस्था है, तो पीडब्ल्यूडी के साथ यह सौतेला व्यवहार क्यों? उन्होंने मांग की है कि प्रत्येक उपसंभाग में लैब स्टॉफ और परीक्षण मशीनों की अविलंब तैनाती की जाए। इंजीनियरों ने साफ कर दिया है कि वे गुणवत्तापूर्ण कार्य के पक्षधर हैं, लेकिन बिना संसाधनों के यह संभव नहीं है। संगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी जायज मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं होती, यह आंदोलन अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।

## सिविल सर्जन ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**शहडोल।** जिला मुख्यालय शहडोल में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाडिय़ों द्वारा खेल मैदान में अपनी प्रतिभा एवं क्षमता का प्रदर्शन किया जा रहा है। विभिन्न खेल मैदानों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के अवलोकन का लाभ जिला वासियों को मिल रहा है। खेल प्रेमी लोगों एवं आम जनता द्वारा इनके खेल कौशल को सराहा भी जा रहा है। गांधी स्टेडियम शहडोल में आयोजित बास्केटबाल प्रतियोगिता में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक शहडोल डॉ. शिल्फी सराफ ने खिलाडिय़ो से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाए भी दी।

# सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने लगाया विशाल नेत्र शिविर

**259 ग्रामीणों की हुई जांच**



**शहडोल।** नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए सीनियर सिटीजन एसोसिएशन शहडोल द्वारा गोहपारु ब्लॉक के सुदूर ग्राम करुआ में एक भव्य निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। रविवार 21 दिसम्बर 2025 को आयोजित इस शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ ने सेवा के प्रति संस्था के अटूट संकल्प को सफल बना दिया।

### शिविर का भव्य शुभारंभ

कार्यक्रम का आगाज माँ सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था के अध्यक्ष एम.एल. मंत्री, नेत्र चिकित्सक डॉ. आरती ताम्रकार, सचिव टी.पी. मिश्रा एवं श्रीमती राजकुमार ने सामूहिक रूप से शिविर का शुभारंभ किया। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस सेवा यज्ञ में करुआ और आसपास के क्षेत्रों से आए 259 नेत्र रोगियों का सूक्ष्म परीक्षण किया गया।

### उपचार और ऑपरेशन की व्यवस्था

शिविर के दौरान संस्था द्वारा सेवा का विस्तार करते हुए 169 मरीजों को निःशुल्क चश्मे एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। परीक्षण के उपरांत 60 ऐसे रोगियों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें मोतियाबिंद या अन्य गंभीर समस्या हेतु ऑपरेशन की आवश्यकता है। इनका ऑपरेशन जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में जिला चिकित्सालय शहडोल में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा।

### मासूमों की आंखों में रोशनी लाने की पहल

शिविर का सबसे भावुक क्षण तब आया जब ग्राम बुचकी निवासी तीरथ सिंह अपने दो पुत्रों—विवेक 5 वर्ष और राहुल 10 वर्ष को लेकर पहुंचे, जो जन्म से ही दृष्टिहीन हैं। संस्था ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चों के पिता से उन्हें शहडोल लाने का आग्रह किया है। एसोसिएशन ने घोषणा की है कि इन बच्चों की उच्च स्तरीय मशीनों से जाँच और उपचार का समस्त व्यय संस्था स्वयं वहन करेगी, ताकि मासूमों की दुनिया रोशन हो सके।

### सहयोग और सहभागिता

शिविर की सफलता में जिला चिकित्सालय की डॉ. आरती ताम्रकार, महिमा राठौर, राजेश कनौजिया सहित ग्राम पंचायत सचिव मनीष और सुशील द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, एम.आर. गोयल, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, जे.पी. केजरीवाल सहित एसोसिएशन के अनेक वरिष्ठ सदस्य और उनके परिवारजन सेवा भाव के साथ उपस्थित रहे।

# न्यायिक आदेश बेअसर, हो रहा सरकारी जमीन पर कब्जा



**शहडोल।** सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे और निर्माण के मामले में न्यायिक आदेशों की खुलेआम अवहेलना का गंभीर मामला सामने आया है। तहसीलदार बुढार द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस/स्थगन आदेश 15 दिसंबर 2025 के बावजूद मौके पर अवैध निर्माण कार्य नहीं रुका। न तो राजस्व अमले ने सख्ती दिखाई और न ही पुलिस ने पत्र मिलने के बाद हस्तक्षेप करना जरूरी समझा।

पत्र के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि यह प्रकरण राजस्व प्रकरण क्रमांक 3-68/2025-26 से संबंधित है, जिसमें मध्यप्रदेश राजस्व संहिता 1959 (संशोधित 2018) की धारा 248 के तहत कार्रवाई प्रारंभ की गई है। आदेश में उल्लेख है कि खसरा नंबर 395, रकबा 0.563 हेक्टेयर शासकीय भूमि है, जिस पर बिना अनुमति लगभग 900 वर्गफीट क्षेत्र में पक्का मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। तहसीलदार न्यायालय ने पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संबंधित पक्ष 07 जनवरी 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, आदेश में यह भी साफ लिखा है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का नया निर्माण या विस्तार तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित रहेगा।

इसके बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि आदेश जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य चलता रहा। पत्र की प्रतिलिपि थाना प्रभारी बुढार को भेजी गई, ताकि पुलिस बल के माध्यम से निर्माण रोका जा सके, लेकिन सूचना के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दिनदहाड़े सरकारी जमीन पर कब्जा होता रहा और प्रशासनिक तंत्र मूकदर्शक बना रहा।

राजस्व विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। पटवारी और अन्य राजस्व कर्मचारी, जिन्हें मौके पर पहुंचकर निर्माण रुकवाना, पंचनामा बनाना और स्थिति की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देना था, वे भी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर सके। न तो निर्माण सामग्री जब्त की गई और न ही स्थल को सील करने जैसी कोई ठोस पहल हुई। यह पूरा मामला दर्शाता है कि जब न्यायिक दंडाधिकारी के स्पष्ट आदेश और लिखित पत्र भी जमीन पर असर नहीं दिखा पा रहे, तो आम नागरिक कानून पर भरोसा कैसे करे। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते पुलिस और राजस्व अमला सक्रिय होता, तो सरकारी भूमि पर कब्जे को रोका जा सकता था।

अब सवाल यह है कि आदेश की अवहेलना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई होगी। यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरती गई, तो सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का सिलसिला और मजबूत होगा। यह प्रकरण प्रशासन के लिए चेतावनी है कि कागजी आदेशों से आगे बढ़कर जमीनी कार्रवाई अनिवार्य है।

# ई-अटेंडेंस के नाम पर वेतन काटा तो बर्दाश्त नहीः शिक्षक संघ



### वरिष्ठता के मुद्दे पर आर-पार की तैयारी

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जिला स्तरीय अहम बैठक बुढार स्थित होटल लैंडमार्क में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षकों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं को लेकर तीखे तेवर दिखाए और साफ किया कि यदि तकनीकी खामियों के चलते ई-अटेंडेंस नहीं लगती है, तो किसी भी शिक्षक का वेतन कटने नहीं दिया जाएगा। बैठक के दूसरे सत्र में शिक्षकों ने नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और ई-अटेंडेंस के दौरान आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया। इस पर जिला अध्यक्ष लालजी तिवारी ने दोटूक कहा कि प्रांतव्यापी रणनीति के तहत शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाएगी और जल्द ही नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के मुद्दे पर एक बड़ा प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

संगठनात्मक चर्चा के दौरान प्रांतीय सचिव और बैठक प्रभारी महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने सख्त रवैया अपनाते हुए कुछ विकासखंडों से प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने इसे अनुशासनहीनता करार देते हुए आगामी दो दिनों के भीतर मंडल संरचना की मुद्रित सूची उपलब्ध कराने का कड़ा निर्देश दिया।

बैठक में विभिन्न आयामों के लिए नई नियुक्तियां की गईं, जिसमें राजेंद्र प्रसाद शर्मा को हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ का जिला संयोजक और पवनसुता बघेल को समर्थ भारत अभियान का सह-संयोजक मनोनीत किया गया। साथ ही अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। बैठक में नव नियुक्त संभागीय सह-संगठन मंत्री अनिल कुमार द्विवेदी का स्वागत किया गया। इस दौरान रमाशंकर मिश्रा, हरिहर प्रताप सिंह और विनोद कुमार सिंह सहित सोहागपुर एवं बुढार ब्लॉक के दर्जनों शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अंकित को मिली बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस की कमान



**शहडोल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए जिले के महत्वपूर्ण बुढ़ार ब्लॉक की जिम्मेदारी युवा और कर्मठ नेता अंकित सिंह को सौंपी है। अंकित सिंह के नाम की घोषणा होते ही बुढ़ार सहित पूरे जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विशेषकर युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसे कांग्रेस हाईकमान का एक बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है कि पार्टी अब संघर्षशील और जमीनी नेताओं को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही है।

### छात्र राजनीति से ब्लॉक अध्यक्ष तक का सफर

अंकित सिंह का चयन उनकी 19 वर्षों की अटूट निष्ठा और निरंतर सक्रियता का परिणाम है। वर्ष 2006 में छात्र राजनीति से कदम रखने वाले अंकित ने एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव, प्रदेश सचिव और जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव जैसे अहम पदों पर रहकर अपनी सांगठनिक क्षमता का लोहा मनवाया है। वे केवल पदों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सत्ताधारी दल भाजपा के कथित घोटालों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सडक़ पर उतरकर संघर्ष करने वाले नेताओं में गिने जाते हैं।

### दिग्गजों ने जताई खुशी, भविष्य की चुनौतियां

अंकित सिंह की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल, बलमीत सिंह खनूजा, प्रदीप सिंह और कमलेश शर्मा सहित सैकड़ों वरिष्ठ नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। नेताओं का मानना है कि अंकित की कार्यशैली से बुढ़ार ब्लॉक में संगठन को नई धार मिलेगी और आगामी चुनावों के लिए कांग्रेस का ढांचा और अधिक सशक्त होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि युवा नेतृत्व पर भरोसा जताना कांग्रेस के लिए मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकता है, क्योंकि अंकित सिंह की युवाओं के बीच गहरी पैठ है। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में जनहित के मुद्दों पर आंदोलन और तेज होंगे।

# रेलवे कॉलोनी की बदहाली पर मजदूर कांग्रेस सख्त



सहायक मंडल अभियंता को सौंपा मांगों का पुलिंदा

**शहडोल। रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव के नेतृत्व में नवपदस्थ सहायक मंडल अभियंता ब्रजेश नारायण पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट कर रेल कॉलोनियों की समस्याओं पर तीखा रुख अख्तियार किया है। प्रथम परिचय बैठक के दौरान ही संगठन ने शहडोल, बुढ़ार, अमलाई और अनूपपुर की जर्जर सडक़ों और रेल आवासों की मरम्मत को लेकर व्यापक चर्चा की।**

मजदूर कांग्रेस ने दोटूक शब्दों में रेल प्रशासन से काली मंदिर के सामने स्थित चिल्ड्रेन पार्क के नवीनीकरण और शहडोल फुटबॉल ग्राउंड के समतलीकरण की मांग की है। इसके अलावा, शहडोल रेलवे कॉलोनी में वर्षों से टूटी पड़ी नालियों की तत्काल मरम्मत, अनूपपुर में नए पीडब्लूआई ऑफिस के निर्माण और रेलवे इंस्टीट्यूट के जीर्णोद्धार के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का दबाव बनाया है। प्रतिनिधिमंडल में शाखा सचिव बालकृष्ण बंगारी, एस.एल. नामदेव, लोकेश मीना और प्रमोद गौर शामिल रहे। संगठन ने स्पष्ट किया है कि रेल कर्मचारियों की सुविधाओं और कॉलोनी के विकास में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नकाबपोश चोर को पुलिस ने दबोचा

**शहडोल।** शहर के वार्ड क्रमांक 8/11 स्थित पंचायती मंदिर के पास हुई चोरी की वारदात को कोतवाली पुलिस ने महज 48 घंटों के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहल्ले के ही एक नकाबपोश चोर को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। जानकारी के अनुसार, फरियादी प्रतीक सराफ की दुकान में 19 और 20 दिसंबर की दरम्यानी रात एक अज्ञात व्यक्ति ने शटर खोलकर गल्ले में रखे नगदी और आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया था? चोरी की गई संपत्ति की कुल कीमत 15,000 आंकी गई थी? जब फरियादी ने दुकान और मोहल्ले के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो एक नकाबपोश व्यक्ति चोरी करता दिखाई दिया? स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी की पहचान मोहल्ले के ही आयुष उर्फ दीपक ताम्रकार 24 वर्ष के रूप में हुई। शिकायत मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी आयुष को 22 दिसंबर को धर दबोचा? हालांकि, पुलिस को आरोपी के कब्जे से केवल 750 नगद ही बरामद हुए हैं? गिरफ्तारी के बाद आरोपी पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया? कार्यवाही में सउनि कन्हैयालाल, लक्ष्मी प्रसाद और आरक्षक विनोद सिंह की भूमिका रही।


**कार्यालय नगर परिषद् ब्यौहारी जिला- शहडोल (म.प्र.)**

Ph- 07650-262239 Email-cmobyohari@mpurban.gov.in

क्रमांक/2344 न.पा./निविदा सूचना/2025

ब्यौहारी दिनांक :-17/12/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि म.प्र. शासन में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के प्रचलित ISSR UADD BPL (20.08.2021 से प्रभावशील ) दर पर नगर परिषद ब्योहारी, जिला-शहडोल को निम्नानुसार निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_ 467083_1 | CONSTRUCTION OF COMPOST PLANT IN MRF CENTER | 4.83 | 32873.00/- | 5000.00/- | 03 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक - 10.12.2025 के सायं 10.90 से 10.01.2026 को सायं - 18 :00 बजे तक बेवसाइड में ऑनलाइन भुगतान कर प्राप्त कर सकेगें । विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन समय एवं वेवसाइट http://mptender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है ।

मुख्यनगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद ब्योहारी
जिला - शहडोल (म. प्र. )



**राजस्व / दाण्डिक मामले में नोटिस ।**

**न्यायालय- तहसीलदार (शनी कुमार द्विवेदी) वृत्त बुडवा तहसील- ब्योहारी जिला-शहडोल (म.प्र.)।**

पेशी दिनांक - 31/12/2025
विषय- रिकार्ड अदयतन
वास्ते-सिविल न्यायालय परिपालन में
प्रकरण क्रमांक - अ/74/2025-26

1- सियावती पत्नी रामसेवक दुबे एवं अन्य सा. बुड़वा- तहसील-ब्यौहारी शहाडोल (म.प्र.) ...आवेदक।

**बनाम**

1- प्रेमबाई पत्नि रूद्र प्रसाद उर्फ भईयालाल पत्नी द्विवेदी 2- पुष्पा पत्नि स्व. दिनेश प्र. द्विवेदी 3- राजेश पिता स्व. दिनेश प्र. द्विवेदी 4- राकेश कुमार पिता स्व. दिनेश प्र. द्विवेदी 5- उमेश उर्फ लल्वा पिता स्व. रूद्र प्रसाद द्विवेदी 6- गणेश उर्फ लल्लू पिता स्व. रूद्र प्रसाद द्विवेदी सभी सा. बुड़वा थाना देवलोंद तहसील - ब्योहारी जिला - शहडोल (म.प्र.)-- अनावेदकगण

आपको सूचित किया जाता है कि उपयुक्त मामले की सुनवाई दिनांक 31/12/2025 को नियत की गई है, उक्त के संबंध में आप अपना जवाब पक्ष समर्थन रखने हेतु स्वयं या मान्य प्रतिनिधि/ अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। अनुपस्थित होनें दशा में प्रकरण में विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी ।

दिनांक - 10/12/2025

**नायब तहसीलदार वृत्त बुडवा तहसील ब्योहारी जिला-शहडोल (म.प्र.)**

# सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

उमरिया

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित करें।जो विभाग सी एवं डी ग्रेड की श्रेणी में है वे सभी विभाग ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें।



बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि जिन विभाग प्रमुखों व्दारा कुपोषित बच्चों को गोद लिया गया है, वे 31 दिसंबर तक गोद ली गई आंगनबाडी का भ्रमण करें तथा पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं । बैठक में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज,प्रभारी एसडीएम पाली मीनांक्षी इंगले सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# आदर्श कॉलेज में गणित दिवस एवं करियर मार्गदर्शन के कार्यक्रम आयोजित

उमरिया

गणित जीवन के प्रत्येक कार्य में महत्वपूर्ण है। गणित के बिना जीवन अत्यंत कठिन हो जाएगा ,जीवन को सरलतम बनाए रखने के लिए गणित का उपयोग आवश्यक है ।उपरोक्त विचार राष्ट्रीय गणित दिवस पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ परमेश्वर सिंह मरावी,गणित विभाग के डॉ हरेंद्र कुमार ,हरीश शुक्ला एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के डॉ राजीव तिवारी, डॉ.रूपलता, श्रीमती किरण भारती, डॉ.रश्मि साकेत, कामता भुरटिया के संयुक्त तत्वावधान में गणित विषय का अन्य स्नातक विषयों में महत्व एवं जीवन में उपयोगिता विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया ।



इसी क्रम में आदर्श कॉलेज के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ,राष्ट्रीय सेवा योजना ,व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, समर्थन संस्था एवं आईसेक्ट कंप्यूटर इंस्टीट्यूट उमरिया के सौजन्य से छात्र छात्राओं के लिए करियर मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सहित वित्तीय साक्षरता के मार्गदर्शन काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए । कार्यक्रम में डॉ नियाज़ अहमद अंसारी, डॉ अरुणेंद्र बहादुर सिंह,श्री रेम सिंह ,डॉ विष्णुकांत,डॉ कीर्ति तिवारी द्वारा छात्र छात्राओं को संबोधित किया एवं डॉ विजय डाबर ,डॉ रिचा तिवारी , डॉ प्रज्वला सिंह ,श्रीमती तबस्सुम, डॉ.सत्येंद्र महोबिया की विशेष उपस्थिति रही।

# सील फाउंडेशन ने किया ऊनी वस्त्र वितरण

**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करकेली के जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन द्वारा ग्राम चिरहुला में सरपंच सूर्यपाल सिंह कि उपस्थिति में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर संस्था के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम के 100 परिवारों को गर्म ऊनी वस्त्र व दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले वस्त्र वितरित किए गए। वस्त्र पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में सील फाउंडेशन अध्यक्ष दीपक नामदेव ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सर्द मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना और समाज में मानवता, करुणा व भाईचारे का संदेश देना है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। संस्था के उपाध्यक्ष किशन श्रीवास्तव ने कहा कि जरूरतमंद वर्ग को ठंड के मौसम में राहत प्रदान की जा रही है। हमारी संस्था इस तरह के सामाजिक कार्य करने के लिए कृतसंकल्पित है और हमेशा रहेगी। कार्यक्रम में सील फाउंडेशन सदस्य महिपाल बैगा, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन गुप्ता, बब्बू बैगा, नरेश बैगा सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता सहभागी रहे।

# स्वराज पब्लिक स्कूल एवं हाई स्कूल बड़ेरी में कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। परियोजना अधिकारी उमरिया क्रमांक 1 अंजू सिंह पोर्ते ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत स्वराज पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल उमरिया में युवा संसद एवं शासकीय हाई स्कूल बडेरी में साइबर सिक्योरिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चो द्वारा युवा संसद रंगमंच के रूप में कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



गौरतलब है कि युवा संसद एक ऐसा मंच है, जहां छात्र और युवा, वास्तविक संसद की कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं का अनुकरण करते हुए, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर बहस, चर्चा और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेते हैं, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, नागरिक जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ बढ़ती है। यह एक शैक्षिक पहल है जो युवाओं को शासन, नीति निर्माण और सार्वजनिक भाषण जैसे कौशल सिखाती है। कार्यक्रम में बाल विवाह , साइबर सिक्योरिटी, जेंडर आधारित हिंसा इत्यादि विषय पर भी चर्चा की गई।

जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत परियोजना अधिकारी अंजू सिंह पोर्ते द्वारा बालिकाओं/महिलाओ बच्चों के विरुद्ध होने वाली हिंसा से बचाव करने वाले अधिनियमों एवं कानूनों की जानकारी दी गई। दशरथ बैगा बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बच्चों के अधिकारों के सम्बन्ध में भी विस्तार से चर्चा की गई। अनीता चौरसिया ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित छात्रों एवं विद्यालयीन शिक्षकों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है और एक सामाजिक कुरीति है, जो बच्चों के भविष्य पर दूरगामी प्रभाव डालता है। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा उत्तरदायित्व है कि हम न बाल विवाह करें और न होने दें। उपस्थित छात्रों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राऐं एवं प्राचार्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहें।

# शीत लहर के प्रभाव से बचने के लिए बरतें सावधानी

उमरिया।

शीत लहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही एस चंदेल ने एडवाइजरी जारी करते हुऐ कहा है कि नागरिक ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरते। गर्म कपड़े पहने, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण हो जाने पर चिकित्सक से संपर्क करें। सर्दी के मौसम में जब ठंडी हवाएं तेजी से चलने लगती है, तापमान में तेजी से गिरावट होने लगती है, तब इस स्थिति को शीत लहर मे सर्दी के मौसम में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 04-05 डिग्री नीचे चला जाता है तो इसे शीत लहर कहा जाता है।



डॉक्टर व्ही.एस.चंदेल ने बताया कि शीत लहर के दौरान हाइपोथर्मिया (शरीर का तापमान गिरना) और फ्रॉस्टबाइट (त्वचा का जमना) जैसी गंभीर स्थितियों से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने, गर्म तरल पदार्थ पीने, घर के अंदर रहने और संवेदनशील लोगों (बच्चे, बुजुर्ग, हृदय रोगी) का खास ध्यान रखने की सलाह दी गई हैं, साथ ही अचानक ठंड लगने या सुन्नपन महसूस होने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लेने पर जोर देते हैं। स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टी.वी. मोबाईल एवं समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया द्वारा दी जा रही जानकारी का अनुसरण करें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहने । नियमित रूप से गर्म पेय पीते रहे।

डॉ व्ही एस चंदेल ने कहा है कि शीत लहर के समय विभिन्न प्रकार की बीमारियों की संभावना अधिक बढ़ जाती है, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण हो जाने पर चिकित्सक से संपर्क करें। कम तापमान के लक्षण जैसे सामान्य से कम शरीर का तापमान, न रुकने वाली कपकपी, याददाश्त चले जाना, बेहोशी या मूर्छा की अवस्था का होना,जुबान का लडख़डाना आदि लक्षण होने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर चिकित्सक से संपर्क कर उपचार प्राप्त करें। शीत लहर के दौरान सॉवधानियां बरते पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े जैसे दस्ताने, टोपी, मफलर, एवं जूते आदि पहने, शीत लहर के समय चुस्त कपड़े ना पहने यह रक्त संचार को कम करते है, इसलिये हल्के ढीले-ढाले एवं सूती कपड़े बाहर की तरफ एवं ऊनी कपड़े अंदर की तरफ पहने, शीत लहर के समय जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहें और कोशिश करें कि अति आवश्यक हो, तो ही बाहर यात्रा करें। उन्होंने भोज्य पदार्थ के संबंध में बताया कि पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों से युक्त भोजन ग्रहण करें एवं शरीर की प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं एवं नियमित रूप से गर्म पदार्थ अवश्य पीयें, आवश्यकतानुसार रूम हीटर का उपयोग करें एवं रूम हीटर या अंगार के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध करें, एवं सावधानी पूर्वक दिनचर्या निभाएं।

# विश्व एड्स दिवस पखवाड़े का हुआ समापन

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वी एस चंदेल के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी (एड्स) डॉ.मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन में 1 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुए विश्व एड्स दिवस पखवाड़े का समापन जिला चिकित्सालय के सभागार में किया गया।



कार्यक्रम में जागरूकता रैली, निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पोस्टर मैकिंग, भाषण आदि प्रतियोगिता विभिन्न पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राओं के बीच किये गए। कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को शील्ड और प्रमाण पत्र के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में डॉ मुकुल तिवारी द्वारा टीबी हच आई वी विषय पर छात्रों को जानकारी दी। डॉ.संदीप सिंह द्वारा एचआईव्ही पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में टीबी विभाग से शारदा गुप्ता डी पीसी एवं अन्य स्टाफ एड्स विभाग से परामर्शदाता शिवांशु सिंगौर लैब टेक्नीशियन अनुज रजक बंदना सिंह जेल स्टॉफ नीतेश लखेरा टी आई से प्रियंका यादव उपस्थित रहे।

**सद्भावना खेल परिसर एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में हुआ आयोजन**

# एसईसीएल अंतर-क्षेत्रीय नारी शक्ति खेल महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर

एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में अंतर-क्षेत्रीय नारी शक्ति खेल महोत्सव 2025-26 का आयोजन 20 से 21 दिसंबर तक सद्भावना खेल परिसर, क्षेत्रीय मुख्यालय, एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में किया गया। यह महोत्सव श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन तथा महिला मंडल की उपाध्यक्षगण श्रीमती अनीथा फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती हसीना कुमार, श्रीमती विनीता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्रा के, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित किया गया। खेल महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन 21 दिसम्बर को सद्भावना खेल परिसर, क्षेत्रीय मुख्यालय, एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में किया गया, जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन के साथ श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन की उपस्थिति रही। समापन समारोह के अवसर पर एसईसीएल के निदेशकगण एन फ्रेंकलिन जयकुमार, आरएस महापात्र, महिला मंडल की उपाध्यक्षगण श्रीमती अनीथा फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती विनीता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्रा, विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधकगण, महिला समितियों की अध्यक्षाएँ, हसदेव क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष, स्टाफ अधिकारी, मानव संसाधन विभाग की टीम, जागृति महिला समिति के सदस्यगण एवं एसईसीएल के 13 क्षेत्रों तथा 03 इकाइयों से लगभग 325 महिला प्रतिभागियों की विशिष्ट उपस्थिति ने समारोह को गरिमा प्रदान की। महोत्सव के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, 50 मीटर दौड़, 50 मीटर रिले रेस, फ्लाइंग डिस्क एवं विविध फन गेम्स जैसे मटका बैलेंस रेस, वन लेग रेस, जलेबी रेस एवं पिक एंड रन रेस का आयोजन किया गया। बैडमिंटन मे 45 वर्ष से कम आयु वर्ग मे मुख्यालय बिलासपुर से पधारी श्रीमती विनीता जैन और साथी रेड्डी की जोड़ी ने तो 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग मे श्रीमती अन्नपूर्ण ठाकुर और डॉक्टर आशा रॉय की जोड़ी ने बाजी मारी। इसी तरह कैरम मे गेवरा क्षेत्र की अनुषा बी, शतरंज मे हसदेव क्षेत्र की रतनी साहू, फ्लाइंग डिस्क मे भटगाओं की मालती सिंह, 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग मे 50 मीटर की दौड़ मे कोरबा की गायत्री, 45 वर्ष से कम आयु वर्ग मे 50 मीटर की दौड़ मे भटगाओं की चंद्रमनी ने बाजी मारी। समग्र रूप से टीम चैम्पियन के रूप मे भटगाँव ने विजेता की ट्राफी तथा हसदेव क्षेत्र ने उपविजेता की ट्राफी पर कब्जा किया। दो दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में महिला प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना, टीमवर्क एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में अपने संबोधन में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक,



एसईसीएल, हरीश दुहन ने अपने सम्बोधन मे उल्लेखित किया की यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास एवं सामूहिक ऊर्जा का उत्सव है। यह आयोजन महिलाओं के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित होगा। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए महिला सशक्तिकरण में खेलों की भूमिका पर प्रकाश डाला। विजेता एवं सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के लिए सराहना की। संपूर्ण कार्यक्रम अत्यंत आनंदमय, सौहार्दपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने सभी के मन में सकारात्मक ऊर्जा और मधुर स्मृतियाँ संजो दीं। कार्यक्रम के आरंभ में क्षेत्रीय महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र मनोज बिशनोई ने कंपनी मुख्यालय बिलासपुर से आये अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एसईसीएल हरीश दुहन, श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन, निदेशकगण एन फ्रेंकलिन जयकुमार, आर एस महापात्र, महिला मंडल की उपाध्यक्षगण श्रीमती अनीथा फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती विनीता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्रा का पारंपरिक स्वागत किया तथा आयोजन को संपन्न करने हेतु उनके द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस आयोजन को महिलाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में एसईसीएल के मानव संसाधन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का सफल मंच संचालन नितिन गुप्ता एवं श्रीमती तृप्ति पांडेय द्वारा किया गया।

# पूर्व छात्रों का ऐतिहासिक समागम, भावनाओं और स्मृतियों से सजा आयोजन

**वर्षों पुरानी यादों को ताजा कर भाव विभोर हुए पूर्व छात्र छात्राएं एवं विद्यालय**

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** कोयलांचल क्षेत्र रामनगर राजनगर पौराधार बिजुरी से लगे मनेन्द्रगढ़ में 1970 में शुरू हुई सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान के पचपन साल के इतिहास में पहली बार पूर्व छात्रों का सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ में रविवार 21 दिसंबर 2025 को आयोजित पूर्व छात्रों का समागम ऐतिहासिक, भावनात्मक एवं अत्यंत सफल रहा। वर्ष 1970 में स्थापित विद्यालय के 55 वर्षों के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर पूर्व छात्रों का सम्मेलन सम्पन्न हुआ,जिसमें 1983 से 2005 तक के बैच के विद्यालय से शिक्षार्जन कर चुके भैया-बहिनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 8 बजे कक्षाओं में बैठकर, उपस्थित छात्रों की उपस्थिति दर्ज करना, कक्षा में बैठकर अध्ययन करना, प्रातः कालीन प्रार्थना,एवं शिक्षा अर्जन के दौरान कक्षा में हुए अपने अनुभवों को कक्षा में ही बैठकर अनुभवो को साझा करना, जो सायं 6 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चला। इस अवसर पर छात्राओं एवं छात्रों ने अपने विद्यालयीन जीवन के स्वर्णिम पलों को याद किया और गुरुजनों का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत साथियों एवं शिक्षकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया, जिससे पूरा परिसर भावुक हो उठा। पूर्व एवं वर्तमान में कार्यरत आचार्यों एवं दीदीयों के सम्मान समारोह के दौरान छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं पूर्व छात्रों ने एक साथ मिलकर गीत-संगीत का आनंद लिया, जमकर नृत्य किया और वर्षों बाद मिली इस मुलाकात को यादगार बना दिया। पूरे दिन विद्यालय परिसर में उल्लास, अपनत्व और भावनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला। सायं काल घोष दल के साथ विद्यालय परिसर से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जो भगत सिंह तिराहा, जैन मंदिर, गुरुद्वारा, विवेकानंद चौक एवं राम मंदिर होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई,शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजन की भव्यता के लिए नगर में कई स्थानों पर स्वागत द्वार भी लगाए गए थे। कार्यक्रम के समापन पर जब एक-दूसरे से विदा लेने का समय आया तो भावनाएं छलक पड़ीं। वर्षों बाद मिले साथी बिछड़ते समय यह सोचकर भावुक हो गए कि न जाने ऐसा पल फिर कब आएगा। कई लोगों की आंखें नम हो गयी। विद्यालय के प्राचार्य विनोद शुक्ला ने सफल आयोजन के लिए सभी पूर्व छात्रों, आचार्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समागम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार, स्मृतियों और जीवनभर के रिश्तों को पुनः जीवंत करने का सशक्त माध्यम बना है। विद्यालय परिवार और आयोजन समिति में लगे सदस्यों ने दूर-दूर से आए पूर्व छात्र-छात्राओं आचार्य और आचार्य के परिजनों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी हर प्रकार से महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।



## गाड़ी चोरी करते वाहन मालिक ने पकड़ा वाहन चोर

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन बाइक चोर गिरोह के द्वारा नगर में लगातार सक्रिय होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता है। रविवार को व्यापारी शिवांशु सोनी 20 वर्ष की दो पहिया वाहन जो दुकान के सामने खड़ी थी जिसे शातिर चोर चोरी कर भाग गया। गाड़ी की आवाज से चोरी का एहसास होने पर मालिक के द्वारा पीछा करते हुए चोर को बस स्टैंड के पीछे तालाब के पास पकड़ते हुए पुलिस के सुपुर्द किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी विशम्बर सिंह पवार 34 वर्ष निवासी खोडरी थाना जैतपुर शहडोल का है जो आदतन चोर है जिसके खिलाफ कोतवाली अनूपपुर, रामनगर सहित स्थानीय थाने में चोरी के मामले पंजीबद्ध है। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने बताया कि बदमाश शातिर प्रवृति का है जो जैतपुर 70 किलीमीटर दूर से बाइक चोरी करने कोतमा आया था। पुलिस के द्वारा धारा 303(2) में मामला दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 2 निवासी शिवांशु सोनी रविवार के दिन अपने दुकान में था दुकान के सामने बाइक खड़ी थी शाम 7:30 बजे के लगभग चोर के द्वारा गाड़ी को स्टार्ट कर ले जाया गया। गाड़ी की आवाज सुनकर फरियादी को वाहन चोरी का एहसास हुआ और इसके बाद वह भी पीछा करते हुए दबोचने में सफल हो सका। परिजन व आसपास के लोगों की मदद से चोर को अपने साथ दुकान लाया और पुलिस के हवाले किया पुलिस अन्य चोरियों के संबंध में पकड़े गए शातिर चोर से पूछताछ कर रही है।

# ठंड में कोहरे के कारण सतर्क वाहन संचालन की अपील

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के सभी कर्मचारीगण, केंद्र शासन, राज्य शासन के समस्त कर्मचारीगण, समस्त ग्राम एवं नगरवासी , समस्त दो पहिया वाहन चालक, चार पहिया वाहन चालक, तथा भारी यात्रीयान चालक, भारी मालयान वाहन चालकों से अपील की जाती है, कि इस समय अनूपपुर जिले के राजनगर, डोला, आमाडांड - बरतराई, बिजुरी, कोतमा, जैतहरी, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक में इसी के साथ पूरे मध्यप्रदेश एवं उत्तर भारत में ठंड के कारण कोहरे पड़ रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व कोहरे से उत्तर भारत में अलग-अलग सड़क दुर्घटना मे कई लोगों की जान चली गई। यमुना एक्सप्रेस वे, लखनऊ - आगरा एक्सप्रेस वे, दिल्ली - मेरठ एक्सप्रेस में कई वाहन घने कोहरे के कारण आपस में भिड़ने से वाहनों में सवार लोग हताहत हुए। जिसकी जानकारी समाचार पत्रों एंव न्यूज़ चैनलो के माध्यम से मिली। पंकज कुमार शर्मा, निवासी राजनगर द्वारा इन सभी सड़क हादसो को देखते हुए, सभी प्रकार के वाहन चालकों से अपील की गयी है कि घने कोहरे में गाड़ी चलाना सबसे अधिक खतरनाक होता है। जैसे - आंखों में हम पट्टी बांधकर गाड़ी चला रहे हो। कोहरे के समय गाड़ी चलाते समय कम गति पर गाड़ी चलाते। अपने गाड़ी का हेडलाइट चालू रखें। हेडलाइट को हमेशा लो बीम पर रखें। ताकि सड़क को ठीक से देख सके। हाई बीम कोहरे में मददगार नहीं होती, क्यों कि कोहरे में कुछ दिखाई नहीं देता। अगर आप के वाहन में फाग लैंप है, तो उसे चालू कर दें। कोहरे में न केवल सिर्फ देखना महत्वपूर्ण है, बल्कि दूसरों को दिखाई देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### हमेशा सतर्क रहें और सावधानियां बरतें



कोहरे के समय हमेशा गाड़ी को सुरक्षित और धीरे गति में चलाएं। तेज रफ्तार से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। अपनी गाड़ी कि हेडलाइट चालू करें और उसे लो बीम मोड़ में रखें। कोहरे के समय गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें। पूरा ध्यान ड्राइविंग पर रखें। यह सुनिश्चित करें कि आप दिखाई दे रहे हैं अपनी फॉग लैंप और पार्किंग लाइट चालू करें। डिफोस्टर और विंड स्क्रीन वाइपर का उपयोग करें। वाहनों के बीच हमेशा सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अचानक ब्रेक लगाने पर टक्कर से बचाव होगा। वाहन के शीशे और वाइपर साफ रखें। आगे और पीछे साफ दिखाई देना जरूरी है। हॉर्न का सीमित और सही उपयोग करें। इंडिकेटर और डीपर का सही इस्तेमाल करें। मुड़ते या ओवरटेक करते समय संकेत जरूर दें। लेन अनुशासन का पालन करते हुए वाहनों के ओवरटेक से बचें। यदि गाड़ी को चलाना वास्तव में संभव नहीं है, तो गाड़ी को पूरी तरह सड़क के किनारे रोक दें और अपने गाड़ी का इंडिकेटर लाइट चालू रखें। वाहन चलाते समय हाई बीम लाइट ना जलाएं। इससे रोशनी वापस आंखों में पड़ती है और कम दिखाई देता है। कोहरे में सावधानी ही सुरक्षा है।

# शारदा ओसीएम में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग: जीएम को सौंपा ज्ञापन

अमलाई।

सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल की शारदा ओपन कास्ट माइंस (ओसीएम) में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता दिए जाने की मांग को लेकर ग्राम बकहो एवं बकही के ग्रामीणों ने एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।ग्रामीणों ने बताया कि शारदा ओसीएम में अरके कंपनी एवं धनकुबेर कंपनी द्वारा खनन एवं सहायक कार्य संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन इन कंपनियों द्वारा स्थानीय युवाओं की उपेक्षा करते हुए बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। इससे परियोजना प्रभावित क्षेत्र के युवाओं में गहरा असंतोष व्याप्त है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार परियोजना प्रभावित क्षेत्र में स्थानीय लोगों को 70 प्रतिशत तक रोजगार में प्राथमिकता दिया जाना चाहिए, बावजूद इसके योग्य स्थानीय युवाओं को कार्य से वंचित रखा जा रहा है। जबकि हैवी वाहन चालक, मशीन ऑपरेटर, हेल्पर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन एवं अन्य तकनीकी कार्यों के लिए स्थानीय युवा उपलब्ध हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों के माध्यम से बाहरी व्यक्तियों की नियुक्ति की जा रही है, जिससे क्षेत्रीय बेरोजगारी की समस्या और गंभीर हो रही है।ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि अरके कंपनी एवं धनकुबेर कंपनी को निर्देशित कर स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो प्रभावित ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित कंपनी प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई

**कटनी।** भारतीय गणितीय विरासत को सम्मान देने और छात्राओं में वैदिक गणित के प्रति जागरूकता जगाने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में शनिवार को राष्ट्रीय गणित दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ₹वैदिक गणित का वैशिष्ट्य₹ रखा गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर मनाया जाता है, और इस अवसर पर वैदिक गणित जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान की विशेषताओं पर चर्चा करना अत्यंत प्रासंगिक था। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. विमला मिंज ने कार्यक्रम का समग्र मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती प्रियंका सोनी तथा कुमारी पूजा सिंह राजपूत ने कुशलतापूर्वक किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अर्पित द्विवेदी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं को वैदिक गणित की सरलता, तीव्रता और अनोखी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वैदिक गणित के 16 सूत्रों का उदाहरण देकर समझाया कि यह प्राचीन विधि जटिल गणनाओं को मानसिक रूप से शीघ्र हल करने में सक्षम है।

### पशुपालकों को मिलेगी पसंद की मुर्रा भैंस, हरियाणा रवाना

**कटनी।** मुख्यमंत्री डेयरी प्लस स्कीम के तहत कटनी के चयनित 8 पशुपालकों को उनकी पसंद की उन्नत मुर्रा नस्ल की दो भैंस प्रति हितग्राही के मान से क्रय करने हेतु करनाल हरियाणा रवाना किया गया है। हितग्राहियों के साथ डॉ साकेत मिश्रा व्हीएएस के नेतृत्व में करनाल में मप्र पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के द्वारा इन हितग्राहियों को दुधारू पशुओं का क्रय कराया जाएगा। बताते चलें कि मुख्यमंत्री प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत यानी दोगुना करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 50 फीसदी एवं आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति, जनजाति के हितग्राहियों को 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

# घने कोहरे के कारण फल से लदा पिकअप पलटा, बड़ा हादसा टला



**अमलाई।** सोमवार सुबह लगभग 7 बजे घने कोहरे के कारण एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बुढ़ार से अनूपपुर की ओर जा रहा फल से लदा एक पिकअप वाहन अमलाई क्षेत्र में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के पास स्टेट हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय अत्यधिक कोहरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम थी, इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पिकअप सड़क किनारे पलट गई। वाहन में लदे फल सड़क पर बिखर गए।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है।घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।स्थानीय प्रशासन की मदद से वाहन को हटाया गया और यातायात बहाल किया गया। प्रशासन ने वाहन चालकों से कोहरे के दौरान सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

कड़ाके की ठंड में मददगारों की ललकार

# सिंधी समाज और नगर परिषद ने फूंका मानवता का शंखनाद

**बुढ़ार। जब पारा गिरता है और हड्डियां कंपाने वाली ठंड गरीबों की बस्ती में दस्तक देती है, तब खोखले भाषण नहीं, बल्कि जमीनी संघर्ष और सेवा की दरकार होती है। नगर परिषद बुढ़ार के अतरिया टोला (वार्ड क्रमांक-6) में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां सिंधी समाज और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने न केवल ठंड को चुनौती दी, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता की एक ऐसी मिसाल पेश की जिसने व्यवस्था के गलियारों में गूंज पैदा कर दी है।**



### जरूरतमंदों के हक में उतरे सिंधी समाज के दिग्गज

अतरिया टोला की अभावग्रस्त महिलाओं और नंगे पांव चलते मासूमों के लिए यह पहल किसी वरदान से कम नहीं थी। सिंधी समाज की लता, उषा डोडवानी और कंचन मनवानी ने दो टूक शब्दों में साफ कर दिया कि मानवता की सेवा कोई उपकार नहीं, बल्कि समाज का दायित्व है। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति सुरक्षित नहीं होगा, तब तक संपन्नता बेमानी है। इन महिलाओं ने खुद अपने हाथों से मोजे और चप्पल वितरित कर यह संदेश दिया कि सेवा के लिए गद्दी नहीं, बल्कि धरातल पर उतरना पड़ता है।

### नगर परिषद अध्यक्ष की दोटूक

नगरपालिका अध्यक्ष शालिनी सरावगी ने आक्रामक अंदाज में स्पष्ट किया कि नगर परिषद केवल फाइलों तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति की चौखट तक सहायता पहुंचाना है। वार्ड पार्षद हरिश्चन्द केवट के साथ मिलकर उन्होंने सुनिश्चित किया कि वितरण में कोई बंदरबांट न हो और सीधे उन बच्चों तक मदद पहुंचे जो इस शीतलहर में सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं।

### सामाजिक क्रांति का आह्वान

कार्यक्रम केवल सामग्री बांटने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह उन सोए हुए वर्गों के लिए एक चेतावनी थी जो अभावों को देखकर भी आंखें मूंद लेते हैं। आयोजन में वक्ताओं ने तीखे लहजे में कहा कि कठोर ठंड में मोजे और चप्पल जैसी बुनियादी जरूरतें मुहैया न कराना सामाजिक विफलता है। अतरिया टोला के निवासियों ने इस सामूहिक प्रहार का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय बाद किसी ने उनके दर्द को समझा है। यह आयोजन बुढ़ार के उन संगठनों के लिए एक सबक है जो केवल कागजों पर समाजसेवा का दम भरते हैं।

# राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता में ओपीएम खिलाड़ी का शानदार प्रदर्शन

अमलाई।

मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नरसिंहपुर में किया गया, जिसमें ओरिएंट पेपर मिल्स, अमलाई की टीम ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह सहभागिता ओपीएम के सीओओ सीएस काशीकर के संरक्षण में तथा जीएम आईआर सतीश शर्मा एवं जीएम एचआर रवि प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।प्रतियोगिता में कल्याण अधिकारी नागेंद्र यादव के नेतृत्व में ओपीएम की टीम ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। इस दौरान ओपीएम अमलाई के खिलाड़ी करण पनिका ने लंबी कूद एवं 100 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों स्पर्धाओं में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया।उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए करण पनिका को मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा दोनों स्पर्धाओं में 5-5 हजार की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस उपलब्धि पर ओपीएम के सीओओ सीएस काशीकर ने खिलाड़ी एवं पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि "ओपीएम हमेशा अपने श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेलकूद से अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। करण पनिका की यह उपलब्धि अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है।" ओपीएम प्रबंधन ने भविष्य में भी श्रमिकों को खेल गतिविधियों में प्रोत्साहित करने एवं हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।





शहडोल में फुटबॉल का महाकुंभ

# विश्वविद्यालय ने जीत के साथ किया राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में राज्य अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का भव्य और गरिमामय शुभारंभ हुआ। जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के मुख्य आतिथ्य और कुलगुरु प्रो. राम शंकर की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह ने शहडोल को खेल मानचित्र पर नई पहचान दी है?

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और विश्वविद्यालय ध्वजारोहण के साथ हुई? प्रदेश भर से आए 12 विश्वविद्यालयों की टीमों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी, जिसका नेतृत्व मेजबान शहडोल की टीम ने किया? समारोह के दौरान शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने एरोबिक्स, जुम्बा, योग और सेल्फ डिफेंस का ऐसा प्रदर्शन किया कि उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए? कॉन्वेंट स्कूल के बैंड ने अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया?

मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन और टीम भावना सीखने का सबसे सशक्त माध्यम हैं? वहीं, कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को अकादमिक के साथ-साथ शारीरिक और नैतिक रूप से भी सशक्त बनाना है?

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें मेजबान पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय का सामना रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय, सागर से हुआ? शहडोल की टीम ने मैदान पर आक्रामक खेल दिखाते हुए सागर को 9-0 के विशाल अंतर से करारी शिकस्त दी और प्रतियोगिता में अपने विजयी अभियान की शुरुआत की? एक अन्य मुकाबले में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ने महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर को 2-0 से पराजित किया? इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी और आयोजक सचिव डॉ. आदर्श तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# भजनों से समाज जागरण: अमरकंटक में अनूठा अभियान

### नर्मदा दर्शन के साथ सामाजिक सुधार का संकल्प

### भक्ति के सुरों में नशामुक्ति और संस्कारों का संदेश

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मां नर्मदा के उद्गम स्थल, पवित्र नगरी अमरकंटक की वादियों में इन दिनों भक्ति, चेतना और सामाजिक परिवर्तन की स्वर-लहरियां गूंज रही हैं। जहां एक ओर श्रद्धालु नर्मदा दर्शन कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भजन-कीर्तन के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का एक अनुकरणीय प्रयास भी निरंतर जारी है। छत्तीसगढ़ के ग्राम गोविंदपुर बावनघासी स्थित सखा आश्रम परशुरामपुर से आई भजन-कीर्तन मंडली द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान भक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। मंडली के सदस्य गांव-गांव भ्रमण कर भजनों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दे रहे हैं और समाज को आत्मचिंतन की ओर प्रेरित कर रहे हैं। मंडली के क्षेत्राधिकारी पुरन सिंह मरकाम ने बताया कि इस मंडली के 32 सदस्य मां नर्मदा के दर्शनार्थ अमरकंटक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य माता राजमोहनी के अनन्य भक्त हैं और उन्हीं की प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं आदेश से यह जनजागरण अभियान संचालित किया जा रहा है। भक्ति को साधन बनाकर समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। भजन-कीर्तन के दौरान न केवल नशामुक्ति का आह्वान किया जा रहा है, बल्कि बच्चों को नियमित रूप से पाठशाला भेजने, शिक्षा के महत्व को समझाने, सनातन धर्म की रक्षा, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा गौ संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील सामाजिक विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। भक्ति के सुरों में पिरोए गए ये संदेश सीधे जनमानस के हृदय को स्पर्श कर रहे हैं। इस आध्यात्मिक-सामाजिक अभियान का स्थानीय लोगों पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण, युवा एवं महिलाएं भजन-कीर्तन में सहभागिता कर रहे हैं। लोग न केवल श्रद्धा से भजनों का श्रवण कर रहे हैं, बल्कि उनमें निहित सामाजिक संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प भी ले रहे हैं। अमरकंटक की पावन भूमि पर चल रहा यह अभियान यह सिद्ध करता है कि जब भक्ति को सामाजिक चेतना से जोड़ा जाता है, तो वह समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन सकती है। आध्यात्मिक साधना के साथ समाज को सही दिशा देने का यह प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी बन रहा है। 32 सदस्यों के दल में ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भजन के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को त्यागने समाज जागरण हेतु शिक्षाप्रद संदेश दे रहे हैं इतना ही नहीं अपने आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी भजन कीर्तन के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान शिक्षा के लिए प्रेरणा गोवंश संरक्षण का प्रेरक संदेश देने का कार्य कर रहे हैं।




# सर्द हवा ने बढ़ाई ठिठुरन, कड़ाके की ठंड से घरों में दुबके लोग

### रेल व सड़क मार्ग पर आवाजाही प्रभावित

### अमरकंटक सहित पूरे जिले में कड़ाके की ठंड

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में दिखाई दे रहा है। कड़ाके की सर्दी और घना कोहरा रिकॉर्ड तोड़ रहा है। जिले में कोहरे की वजह से जीरो विजीबिलिटी रिकॉर्ड की गई। कोहरे का असर यातायात व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। कोहरे के कारण कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने घना कोहरा के अलावा शीतलहर की चेतावनी जारी है। हालांकि दो दिन बाद कोहरे और शीतलहर से राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है लेकिन कड़ाके की सर्दी जरूर लोगों को परेशान करेगी। कोतमा नगर के मौसम में कश्मीर की बर्फबारी का असर नजर आ रहा है। सर्द हवा से ठिठुरन बढ़ गई है। शुक्रवार शनिवार से शुरू मौसम मे बदलाव का असर सोमवार को भी बना रहा सुबह से ही घना कोहरा छाने के साथ ही ओस की बूंदें बरस रही थी। साथ ही बर्फ़ीली हवा के थपेड़ों से सुबह के तापमान के साथ ही नगर में रात का पारा गिरा। दिन में भी शीतलहर चलने के कारण ठंडक महसूस हुई। सुबह एवं शाम को सर्द हवा से बचने लोग आग का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग की माने तो अब कड़ाके की ठंड पड़ेगी। दिन व रात में तापमान तेजी से गिरेगा। सोमवार को नगर में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जाएगी। नगर में दिसंबर की सर्दी ने 2 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दो साल बाद दिसंबर में रात का तापमान न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। बर्फीली हवाओं की वजह से एक बार फिर ठिठुरन बढ़ गई है। दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक शीत लहर का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को सुबह से घना कोहरा छाया रहा जिसके कारण वाहन चालकों को हेड लाइट जलाकर वाहन चलाना भी मुश्किल हो रहा था कोहरा इतना घना था कि पास का व्यक्ति नजर ही नही आ रहा था दोपहर 12 बजे धीरे धीरे कोहरा छटा और उसके बाद आसमान मे सूर्य देव के दर्शन के बाद धूप निकली लेकिन ठिठुरन भरी ठंड पड़ने के कारण सुबह से ही लोग अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे थे वहीं सुबह से ही गर्म कपड़े पहन कर लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। शाम होते ही ठंडी इतनी बढ़ जाती है कि लोगों का जीना मुहाल हो गया है लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। रात्रि में 8 बजते ही लोग अपने काम निपटा कर घरों में रजाई कंबल में दुबक जा रहे हैं। गर्म कपड़ों की दुकान भी नगर के अंडरब्रिज के पास सज गई हैं। दुकानों में स्वेटर जर्सी टोपा खरीदने वालों की भीड़ नजर आ रही है।



### अमरकंटक में कड़ाके की ठंड

पवित्र नगरी अमरकंटक इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में है। सुबह शाम शीतलहर का असर साफ नजर आ रहा है, वहीं तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके बावजूद अमरकंटक की प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक आस्था सैलानियों एवं तीर्थ यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। ठंड के मौसम में अमरकंटक पहुंचे पर्यटक नर्मदा उद्गम स्थल, कपिलधारा, दूधधारा, सोनमुड़ा सहित अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर रहे हैं। ठंडी हवाओं और ओस की बूंदों के बीच गर्म चाय की चुस्की लेते हुए पर्यटक यहां के मौसम और वातावरण का भरपूर आनंद ले रहे हैं। स्थानीय चाय दुकानों और होटलढ़ाबों पर पर्यटकों की चहल पहल बनी हुई है। सुबह और शाम के समय गर्म चाय, कॉफी एवं नाश्ते की दुकानों पर विशेष रौनक देखी जा रही है। दुकानदारों के अनुसार ठंड बढ़ने के साथ चाय की मांग में भी वृद्धि हुई है। तीर्थ यात्री मां नर्मदा के दर्शन पूजन के पश्चात ठंड से राहत पाने के लिए अलाव के पास बैठकर चाय का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि ठंड के मौसम में अमरकंटक की छटा और अधिक मनमोहक हो जाती है, जिससे यहां आने का अनुभव अविस्मरणीय बन जाता है। प्रशासन द्वारा भी ठंड को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# आईटीआई मेहमान प्रवक्ताओं ने उठाई सेवा सुरक्षा की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** मध्य प्रदेश आईटीआई मेहमान प्रवक्ता समाज कल्याण समिति ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को समिति के सदस्यों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सेवा सुरक्षा, अनुभव का लाभ और सीधी भर्ती में आरक्षण प्रदान करने की पुरजोर मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ शिक्षण और प्रशिक्षण का कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद, उन्हें न तो सेवा सुरक्षा दी गई है और न ही भविष्य को लेकर कोई ठोस नीति बनाई गई है। प्रवक्ताओं का कहना है कि जब शिक्षा विभाग में अतिथि शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण और अनुभव का लाभ दिया जा रहा है, तो कौशल विकास विभाग में उनके साथ यह भेदभाव क्यों?

### प्रमुख मांगें जो ज्ञापन में शामिल हैं

घोषणाओं का क्रियान्वयन: पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 11 सितंबर 2023 को महापंचायत में की गई घोषणाओं को तत्काल लागू किया जाए। संविदा नीति में शामिल करना: सभी मेहमान प्रवक्ताओं को नवीन संविदा नीति के अंतर्गत सम्मिलित कर लंबित फाइलों पर त्वरित निर्णय लिया जाए। 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग: आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों की सीधी भर्ती में मेहमान प्रवक्ताओं को 50 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएं। अनुभव के बोनस अंक: महिला एवं बाल विकास विभाग की तर्ज पर आईटीआई भर्ती में भी 1 वर्ष के अनुभव पर 2 अंक और अधिकतम 5 वर्ष तक बोनस अंक दिए जाएं।

### नौकरी जाने का सता रहा डर

मेहमान प्रवक्ताओं ने चिंता जाहिर की है कि नियमित प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति होते ही उनकी सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जाती हैं। आयु सीमा में छूट न होने के कारण वे न तो दोबारा सरकारी सेवा में आ पाते हैं और न ही निजी क्षेत्र में उन्हें उचित अवसर मिलता है। समिति ने मांग की है कि नियमित नियुक्ति होने पर भी उनके पदों को रिक्त न माना जाए और सेवा निरंतरता सुनिश्चित की जाए। मेहमान प्रवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उग्र आंदोलन को विवश होंगे।

# अनूपपुर का औद्योगिक भविष्य निशाने पर स्वार्थी तत्व फैला रहे तथ्यहीन भ्रम



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** औद्योगिक विकास और अनूपपुर जिला तथ्यहीन भ्रम फैलाने वालों पर सख्ती की जरूरत अनूपपुर जिला शासन की विकास नीति में औद्योगिक विस्तार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। ऊर्जा, खनन और अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से जिले में रोजगार सृजन, आर्थिक मजबूती और आधारभूत ढांचे के विकास की स्पष्ट मंशा है। शासन और प्रशासन का उद्देश्य है कि अनूपपुर को निवेश के अनुकूल वातावरण प्रदान कर क्षेत्र को समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जाए। इसी बीच कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा औद्योगिक परियोजनाओं को लेकर तथ्यहीन और भ्रामक जानकारियाँ फैलाने के आरोप सामने आ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि निजी हितों के चलते निवेशकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है और जनता के बीच भ्रम पैदा कर औद्योगिक विकास के प्रयासों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। यह भ्रम न केवल आधारहीन है, बल्कि इससे जिले की छवि और निवेश संभावनाओं को भी नुकसान पहुँच रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो इसका सीधा प्रभाव रोजगार और विकास पर पड़ेगा। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह तथ्य और सत्य के आधार पर स्थिति स्पष्ट करे, भ्रम फैलाने वालों पर सख्त कदम उठाए और उद्योगों को निर्बाध रूप से कार्य करने का सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराए। औद्योगिक विकास ही अनूपपुर के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

## विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ के अनूपपुर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश नारायण शर्मा ने बताया कि शासकीय गारंटी सहित पेंशन का ट्रेजरी से भुगतान उत्तर प्रदेश सरकार की योजना की तरह करने व महंगाई राहत का पूरा भुगतान केंद्र सरकार द्वारा घोषित दर एवं तिथि से करने के दो सूत्रीय मांगों के संबंध मे प्रमुख विद्युत पेंशनर्स संगठनों के संयुक्त संघर्ष मोर्चा का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन आज दोपहर 1 बजे अनूपपुर कलेक्टर को सौंपा जायेगा।

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुआ सम्मान**

# 49वीं जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंकित यादव का बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



49 वीं जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंकित यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल जिले बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक पिलानी, झुंझुनू (राजस्थान) में आयोजित की गई थी। मध्य प्रदेश वॉलीबॉल संघ के महासचिव एवं वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष हरि सिंह चौहान तथा मध्य प्रदेश वॉलीबॉल चयन समिति के अध्यक्ष प्रणव मजूमदार के मार्गदर्शन में अंकित यादव का चयन इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जहां उन्होंने अपने कौशल, अनुशासन और समर्पण से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### परिवार और मार्गदर्शन का अहम योगदान

अंकित यादव, पिता रामचंद्र यादव एवं माता रीना यादव के सुपुत्र हैं। उनकी इस सफलता के पीछे परिवार का मजबूत सहयोग और प्रेरणादायी मार्गदर्शन रहा। विशेष रूप से उनके बड़े पिताजी रामाश्रय यादव (पूर्व कोल इंडिया वॉलीबॉल खिलाड़ी) एवं बड़ी माता मीरा यादव का योगदान उल्लेखनीय रहा, जिनकी खेल परंपरा और प्रेरणा ने अंकित को इस मुकाम तक पहुंचाया। साथ ही उनके भाई अनुराग यादव, विशाल यादव एवं अतुल यादव का सहयोग भी उनकी सफलता की मजबूत कड़ी रहा। वर्तमान में अंकित यादव भारत के एकमात्र शारीरिक शिक्षण संस्थान लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, गुवाहाटी (असम) में बी.पी.एड. की पढ़ाई कर रहे हैं। वे खेल के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुआ सम्मान

अंकित यादव की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगन्नाथ मरकाम द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उन्हें बुके, फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अंकित यादव जैसी उपलब्धियां जिले के युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करती हैं तथा यह सफलता जिला वॉलीबॉल संघ की सशक्त कार्यप्रणाली और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। संघ पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने दी शुभकामनाएं अंकित यादव की सफलता पर जोनल सचिव एवं राष्ट्रीय निर्णायक संतोष सिंह,जिला वॉलीबॉल संघ के संरक्षक लक्ष्मण राव, अरुण सिंह, आशीष त्रिपाठी, पंकज अग्रवाल, जिला अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा,कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ शिवसिंह, रामखेलावन राठौर, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, विनोद बिंदेश्वरी पांडे, रमेश तिवारी, सोभनाथ प्रचेता, विनोद सोनी, सचिव रामचंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव, सहकोषाध्यक्ष उमेश राय, सह सचिव दिनेश कुमार सिंह चंदेल (स्टेट रेफरी एवं नेशनल ट्रेनर), श्रीमती सुमिता शर्मा, हरिशंकर यादव, खेलन प्रसाद कोल, अतुल यादव, अनुराग यादव, मीडिया प्रभारी संदीप गर्ग सहित सभी खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंकित यादव की यह सफलता न केवल अनूपपुर जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए एक सशक्त प्रेरणा भी है।

**सड़क पर उतरी जनता, महाप्रबंधक को सौंपा विस्तृत ज्ञापन**

# कालरी क्वार्टर खाली कराने के नोटिस पर जनाक्रोश

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।



कालरी प्रबंधन द्वारा जमुना कॉलोनी में निवासरत परिवारों को क्वार्टर खाली कराने के लिए दिए गए अल्टीमेटम नोटिस के विरोध में क्षेत्र में जबरदस्त जनाक्रोश देखने को मिला। नगर पालिका परिषद पसान के उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष एकत्र हुए और प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जमुना-कोतमा क्षेत्र का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आता है, जबकि कुछ भाग ग्राम सभा में शामिल है। क्षेत्र में कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल द्वारा कोयला उत्पादन किया जा रहा है और वर्षों पहले कंपनी द्वारा श्रमिकों के लिए आवास बनाए गए थे। वर्तमान में श्रमिकों की कमी के कारण कई क्वार्टर खाली बताए जा रहे हैं, जबकि अनेक आवासों में स्थानीय नागरिक वर्षों से निवास कर रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इन आवासों को अचानक खाली कराने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, चोरी-नशे और जंगली जानवरों का खतरा बढ़ेगा, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होगी। वहीं आसपास के व्यापारी, छोटे दुकानदार और स्थानीय लोग भी सीधे तौर पर प्रभावित होंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां ठप होने की आशंका है प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में क्वार्टर खाली कराए जाने के बाद कई मकान जर्जर हो गए, खिड़की- दरवाजे टूट गए और वे असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गए, जिससे नागरिकों में भय का माहौल बना। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रबंधन द्वारा गरीब परिवारों को घर से बेदखल करने की तैयारी की जा रही है, जो पूरी तरह विरोधाभासी है। उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव के नेतृत्व में महाप्रबंधक को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि क्वार्टर खाली कराने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और प्रशासनिक स्तर पर सभी पक्षों से चर्चा कर न्यायसंगत निर्णय लिया जाए। चेतावनी दी गई कि यदि कार्रवाई नहीं रोकी गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

# कांग्रेस सेवादल अनूपपुर की जिला कमेटी घोषित



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी देसाई, राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा के निर्देशानुसार तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की अनुमति से अनूपपुर जिले की कांग्रेस सेवादल की जिला, विधानसभा एवं ब्लॉक अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह गठन जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ. एहसान अली अंसारी के नेतृत्व में वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा पर किया गया है। जिले की अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ एवं कोतमा विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। मो. इमरान अंसारी-कोतमा विधानसभा, संतोष कुमार राठौर- अनूपपुर विधानसभा, डोमल सिंह-पुष्पराजगढ़ विधानसभा प्रभारी बनाए गए। जिला पदाधिकारी में जिला अध्यक्ष डॉ. एहसान अली अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी धनंजय तिवारी अजय दास मोहम्मद अब्दुल रहमान जिला प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्रा सोशल मीडिया सहायक प्रवीण मिश्रा नीलू सिंह, ध्वज प्रभारी तिलकधारी बनाये गये। इसके अतिरिक्त जिला कार्यसमिति पदाधिकारी उपाध्यक्ष राम सजीवन गौतम संतोष कुमार राठौर डोमल सिंह मोहम्मद इमरान अंसारी मोहम्मद सफर मंसूरी मोहनलाल पाव महासचिव पद पर डॉ रवि प्रकाश राठौड़ रामगोपाल राठौर मोहनलाल बैगा पुरुषोत्तम लाल कनौजिया बिलाल हुसैन अब्दुल रशीद मंसूरी रमेश चौधरी कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार सोनी मुख्य प्रशिक्षक प्यारेलाल सेन प्रशिक्षक दादूराम पटेल राजेंद्र मिश्रा राजेश प्रताप सिंह सचिव पद पर मोहम्मद मुस्तकीम आधार सिंह बाबूलाल प्रजापति गुलाम हुसैन खान गुलाब सिंह सूर्यनारायण राव राजेंद्र प्रजापति महेश राठौर नरेंद्र सोनी अमित राठौर दशरथ गुप्ता स्वरूप सिंह मार्को कमलेश सिंह अलकम खान टीकम जाटव जमील खान एवं रामदास विश्वकर्मा इसी तरह संयुक्त सचिव पद पर राम सिंह परस्ते जुगल किशोर पटेल उमेश केवट लेमरू सिंह मरावी जयपाल सिंह मोहम्मद सलीम ताज ताज मोहम्मद पंकज पांडे रतन सिंह संतोष सिंह अहिबारन सिंह मोहम्मद अयाज खान राजेश मेहरा प्रसादी सिंह लाखन सिंह अब्दुल रशीद आदि रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. एहसान अली अंसारी ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी वर्गों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि 28 दिसंबर को कांग्रेस सेवादल के स्थापना दिवस (दल दिवस) पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं प्रशिक्षण कराया जाएगा। सेवादल का यूनिफॉर्म एवं प्रशिक्षण अनिवार्य रहेगा। शीघ्र ही जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की तिथि

**कोतमा मे हुये आयोजन मे पत्रकारों ने मैं नहीं हम का दिया संदेश**

# अनेक सार्थक प्रस्तावों के साथ राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रदेश सम्मेलन संपन्न





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

**राष्ट्रीय स्तर पर पत्र पत्रकार और पत्रकारिता के लिए क्रियाशील संगठन राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रदेश सम्मेलन मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा नगर में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रांतीय सम्मेलन मंगल भवन, ठाकुर बाबा धाम, कोतमा में आयोजित हुआ। जहां प्रदेश भर के पत्रकार शामिल हुए।**

श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश उपाध्याय राजेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला, अनूपपुर कोतमा की टीम के द्वारा प्रदेश स्तर का सम्मेलन आयोजित किया। इस प्रदेश सम्मेलन में प्रदेश, संभाग व जिला इकाई के पत्रकार साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेई ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के श्री महंत स्वामी रामभूषण दासजी महाराज, परिषद के राष्ट्रीय सचिव देव शंकर अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, मुख्य महासचिव विलोक पाठक, संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, विधायक फुँदेलाल सिंह मार्को, नगर पालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष पसान राम अवध सिंह, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पनिका, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष पत्रकार डॉ सुनील चौरसिया, नगर परिषद डोला की अध्यक्ष रेणु कोल, नगर परिषद राजनगर बनगंवा के अध्यक्ष यशवंत सिंह मंचासीन रहे।

प्रदेश सम्मेलन का शुभारंभ मंच पर आसीन विशिष्ट आमंत्रित अतिथि और मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। तत्पश्चात शहडोल संभाग, अनूपपुर जिले और कोतमा की इकाई के द्वारा मंच पर आसीन सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्प हार शाल श्रीफल देकर स्वागत वंदन और अभिनंदन किया। कोतमा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना और स्वागत गीत गाकर सभी जिलों से पधारे वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पत्रकारों का शब्दसुमन से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन मे मुख़्य अतिथि दिलीप जायसवाल ने कहा कि पत्रकारिता काफी जोखिम भरा क्षेत्र है। पत्रकारिता वर्ग से जुड़े लोगों की समस्याओं और कठिनाइयों से रूबरू हैं। जिन मांगों को लेकर आज पत्रकार एकजुट हुए हैं उसको लेकर उन्होंने आह्वान किया कि भविष्य में भी सभी पत्रकार ऐसे ही एकजुट होकर सही दिशा में पत्रकारिता का इस्तेमाल करें।

### पत्रकारों को समाज हित में उठानी चाहिए आवाज

प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, प्रदेश महासचिव संदीप मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों को समाज के हित में आवाज उठानी चाहिए, साथ ही साथ प्रत्येक पत्रकार को अपने पत्र समूह में लिखने वाली लेखनी ऐसी होना चाहिए जिससे जनता का हित हो समाज का हित हो, क्योंकि पत्रकार द्वारा लिखी गई बात को अधिकांश लोग सत्य मानते हैं और उसके लिखे हुए पर अनुसरण करने का प्रयास भी करते हैं इसलिए पत्रकारों को जो भी लिखे जैसा भी लिखे सही लिखे सटीक लिखें और सच को लिखे यह आज की नितांत आवश्यकता भी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के श्री महंत स्वामी रामभूषण दासजी महाराज ने अपने आशीर्वचन में प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन की सफलता पर अपनी ओर से खुशी जाहिर करते हुए सभी पत्रकारों को आशीर्वाद दिया उन्होंने मां नर्मदा से प्रार्थना की की मां जगत जननी सभी पत्र समूह से जुड़े पत्रकारों को और परिषद के पदाधिकारियों को सुख शांति और ऐश्वर्य के साथ-साथ स्वस्थ मय मंगलमय जीवन दे ऐसी कामना पूज्य संत ने अपने आशीर्वाद वचन में कही। उन्होंने पत्रकारों को सत्य संयम और सदाचार के साथ सामाजिक जीवन में अपनी लेखनी का प्रयोग करना चाहिए।पर जोर दिया।

### मजीठिया आयोग की रिपोर्ट लागू करने की उठी मांग

विशिष्ट अतिथि विधायक फुन्देलाल मार्को ने कहा कि सभी पत्रकारों को सरकार और आम आदमी के बीच सेतु का काम करना चाहिए। समाज में जो कुछ घटित हो रहा है या जो होना चाहिए इसकी आवाज अपनी कलम के माध्यम से शासन तक पहुंचाए हैं सत्ता तक पहुंचाये है, सरकार तक पहुंचाएं और उसे हल करने में अपनी अहम भूमिका भी निभाये। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी और राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता जो प्रदेश से बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके उन्होंने वर्चुली रूप से अपनी ओर से अनूपपुर इकाई को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारों को आज एकजुटता की जरुरत हैं। पत्रकारों को स्वच्छता के क्षेत्र में अहम भूमिका निभानी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे एवं प्रदेश के मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी परिषद के साथी पत्रकार मैं नहीं हम में भरोसा रखते हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान कार्यक्रम में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय सयोजक नलिनकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता चंद्रशेखर शर्मा, परिवार कल्याण प्रकोष्ठ उत्पल कांत शर्मा, साहित्यिक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख रूपम वाजपेयी, कार्यसमिति सदस्य उमेश शुक्ला, जबलपुर संभागीय उपाध्यक्ष शिव चौरसिया, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव इंजीनियर तरुण सोनाने, मंडला जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, मंडला समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष कैलाश कुमार डेहरिया, दीपक कछवाहा, रामकुमार बघेल, किशोर रजक ओम वरसिया, अरुण बैरागी, सिवनी जिलाध्यक्ष शरद दुबे, संजय अग्रवाल, महेन्द्र बघेल, गोपाल चौरसिया, लोकेश उपाध्याय, नरसिंगपुर जिलाध्यक्ष भगीरथ तिवारी सहित इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के विभिन्न अंचलों से पधारे साथ-साथ राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश के अनेक जिलों के अध्यक्ष संभाग अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी और राष्ट्रीय पदाधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### शासन से निम्न मांगों पर चर्चा करने किया गया विचार

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेई एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे ने कहा कि इस प्रदेश सम्मेलन में सर्वसम्मति से कुछ बिंदुओं को शासन स्तर पर मांग के रूप में उठाने की आवश्यकता महसूस की जिसमें सरकार द्वारा जारी मान्यता प्राप्त पत्रकार पहचान पत्र के आधार पर सोशल मीडिया पर अपनी सेवाएं देने वाले पत्रकारों को भी कार्ड जारी करने, जिला स्तर के अधिकारी डीआईपीआरओ को पत्रकार पहचान-पत्र बनाने की पावर देने, आयुष्मान कार्ड का लाभ योजना में सोशल मीडिया व साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक छः मासिक वार्षिक के अलावा अन्य पत्रिका में पत्रकार के तौर पर अपनी सेवाएं देने। पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन आयोजित वाले सभी पत्रकारों को इस योजना में शामिल करने, पत्रकार की अचानक मृत्यु हो जाने पर उसके परिवार को 20 लाख रूपयों की आर्थिक सहायता देने, अगर कोई पत्रकार एक्सीडेंट के कारण विकलांग हो जाता है तो उसको कम से कम 10 लाख रूपये व आजीवन पेंशन देने। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर पत्रकार के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले पत्रकारों को परिवार सहित सरकारी बीमा योजना में शामिल करने, सभी पत्रकारो का टोल टैक्स फ्री करने, मध्यम एवं लघु समाचार-पत्रों के लिए विज्ञापन नीति को सशक्त बनाने एवं यह सुनिश्चित करने के लिए किसी भी स्तर पर इनका शोषण व अनदेखी ना हो।

# अनूपपुर में कृषि महाविद्यालय खोलने बिसाहूलाल सिंह की पहल



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अनूपपुर विधायक बिसाहू लाल सिंह ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर उद्यमिता विकास हेतु विशेष पैकेज की मांग की है। श्री सिंह ने विकासात्मक दूरदर्शिता का एक बार फिर परिचय देते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान को पत्र लिख कर मांग की है कि म.प्र. और छत्तीसगढ़ के सीमा में अत्यंत पिछड़ा सीमावर्ती जिला अनूपपुर बसा हुआ है। जहाँ अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग व गरीब पिछड़े वर्ग के लोगों का निवास है। जिनका जीवन स्तर अभी भी प्राचीन काल से मिलता जुलता है। जिनके निवास के लिये आवास, भूमि, शिक्षा, कृषि संबंधित गतिविधियाँ, बुनियादी ढाँचा (सड़क, बिजली, पानी), स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा और उद्यमिता विकास का आभाव है। यहाँ कृषि उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देने के लिये कृषकों को सहायता, पशुपालन, मुर्गी पालन, कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, ऋण (क्रेडिट) और विपणन (मार्केटिंग), सिंचाई, स्वच्छता पंचायत भवनों, सामुदायिक भवनों मार्केट शेडो का निर्माण, सामाजिक विकास के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, कमजोर वर्गो (एस.टी./एस.सी./अल्पसंख्यकों) के लिये विशेष योजनाओं, आवास सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा (जी राम जी योजना) कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार, उद्यमिता विकास, शासन और सहकारिता के विकास हेतु जिला अनूपपुर को भारत सरकार के विकासत्मक पटल पर सम्मिलित कराते हुए विशेष पैकेज दिलाकर विकास कराये जाने की आवश्यकता है। केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि म.प्र. व छ.ग. के सीमावर्ती अति पिछड़ा जनजाति बाहुल्य जिला अनूपपुर को उपरोक्तानुसार विकास और मूलभूत सुविधाओं का लाभ उत्तरोत्तर उन्नति हेतु भारत सरकार से विशेष पैकेज दिलाये जाने का अनुरोध है।

## रेल आवास मरम्मत, रोड, सड़क के विकास पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष व शहडोल शाखा प्रभारी लक्ष्मण राव के नेतृत्व में मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल के सचिव बालकृष्ण बंगारी, ओबीसी एसोसिएशन शहडोल सचिव एस एल नामदेव, एसटीएससी शहडोल के सचिव लोकेश मीना, एसटीएससी एसोसिएशन अनूपपुर के अध्यक्ष प्रमोद गौर, प्रतिनिधि मंडल ने नवपदस्थ सहायक मंडल अभियंता शहडोल ब्रजेश नारायण पाण्डेय के साथ प्रथम परिचय बैठक कर शहडोल, बुढ़ार, अमलाई, अनूपपुर के रेल आवास मरम्मत, रोड सड़क, रेल कालोनी के विकास के सम्बन्ध में व्यापक चर्चा की गई, मजदूर कांग्रेस ने मांग की है।

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
**पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय- गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
रेफरी संख्या- 763 दिनांक 22.12.2025
श्री **अतुल कुमार केंवट** (पंजीकृत वाहन स्वामी), मकान नंबर 263, वेंकट नगर अनुपपुर (म.प्र.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **इण्डसइंड बैंक लिमिटेड (वित्त पोषक)** है ने सूचित किया है कि उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण अपने कब्जे में ले लिया है वाहन संख्या CG31B0941 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे । उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत् अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथिकेशन और:
1. आपने उन्हे पंजीकरण प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया है। उसने पंजीकरण प्रमाण पत्र रद्द करने और नये सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है कि उसके नाम से पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जाये।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाण पत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रख गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2(3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारिख से सात दिनो के भीतर इस कार्यालय में यदि कोई हो का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा फाइनेंसर के नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाण पत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।
दिनांक 22.12.2025 7
**पंजीयन प्राधिकारी एवं जिला परिवहन अधिकारी गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**